Adda247
GET IT ON Google Play

प्रेमचंद ≥ Premchand प्रेमचंद

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के (1-5) सटीक उत्तर दीजिए :**

वह अभी मुश्किल से पन्द्रह का था कि घरवालों ने उसका विवाह कर दिया, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा। सोलह का होते-होते पिताजी गृहस्थी का सब बोझ लड़के पर डालकर परलोक सिधारे। फलतः उस वर्ष वह मैट्रिक की परीक्षा भी नहीं दे पाया। अगले साल परीक्षा में बैठा। द्वितीय श्रेणी में पास तो हो गया, लेकिन कॉलेज में प्रवेश न मिल पाया, पर हाँ, संयोग से बनारस के पास ही चुनार के एक स्कूल में मास्टरी मिल गई और 1899 से स्कूल की मास्टरी का जो सिलसिला चला, वह पूरे बाईस साल यानी 1921 तक चला, जब कि मुंशीजी ने गाँधीजी के आह्वान पर गोरखपुर के सरकारी स्कूल से इस्तीफा दिया। नौकरी करते हुए ही उन्होंने इंटर और बी.ए. पास किया। प्रेमचंद

1. उसने इंटर और बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की :
(1) नौकरी करते हुए। (2) गांधीजी के आह्वान पर।
(3) स्कूल से छुट्टी लेकर। (4) अपनी पत्नी के साथ रहते हुए।

2. उस पर गृहस्थी का बोझ आ गया क्योंकि :
(1) वह पंद्रह वर्ष का हो गया था। (2) वह बहुत समझदार हो गया था।
(3) उसके पिताजी का देहांत हो गया था। (4) उसके पिताजी यही चाहते थे।

3. द्वितीय श्रेणी में पास हो जाने के बाद भी वह कॉलेज न जा सका, क्योंकि :
(1) कालेज गाँव से बहुत दूर था। (2) उसकी रुचि पढ़ाई से हट गयी थी।
(3) उसकी पढ़ाई में अंतराल आ गया था। (4) उसको कॉलेज में दाखिला नहीं मिल पाया था।

4. वह मैट्रिक की परीक्षा नहीं दे पाया क्योंकि :
(1) वह ठीक से पढ़ाई नहीं कर सका था। (2) वह विवाह करना चाहता था।
(3) उसके पिताजी गुजर गए थे। (4) वह गृहस्थी के काम में रुचि लेता था।

5. निम्नलिखित में सही कथन नहीं है :
(1) घरवालों ने नाबालिग लड़के का विवाह कर दिया था।
(2) अपने पिताजी के निधन के समय वह वयस्क था।
(3) अपने पिताजी के स्वर्गवास के कारण वह मैट्रिक की परीक्षा नहीं दे पाया था।
(4) वह बनारस के समीप स्कूल में अध्यापक हो गया था।

6. निम्नलिखित में पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है :
(1) ब्रज भाषा (2) खड़ी बोली (3) बघेली (4) बुंदेली

7. निम्नलिखित में भीष्म साहनी की कहानी नहीं है :
(1) भटकती राख (2) मुहब्बत की राहें (3) पटरियाँ (4) भाग्य रेखा

8. 'याद हो कि न याद हो' संस्मरण के लेखक हैं :
(1) केदारनाथ सिंह (2) काशीनाथ सिंह (3) नामवर सिंह (4) विश्वनाथ त्रिपाठी

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

9. रामचंद्र शुक्ल ने 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' में आधुनिक काल के पूर्व गद्य की अवस्था के अंतर्गत ब्रज भाषा गद्य के कितने लेखकों का वर्णन किया है?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

10. "यदि प्रबंध एक विस्तृत वनस्थली है तो मुक्तक एक चुना हुआ गुलदस्ता है। इसी से यह सभा समाजों के लिए अधिक उपयुक्त होता है।" प्रस्तुत मत रामचंद्र शुक्ल ने किस कवि के संदर्भ में व्यक्त किया है?

(1) केशवदास (2) बिहारी (3) घनानंद (4) मतिराम

11. "वे (केशवदास) काव्य में अलंकार का स्थान प्रधान समझने वाले चमत्कार वादी कवि थे।"
– प्रस्तुत मत किस आलोचक का है?

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) भगीरथ मिश्र (3) नगेन्द्र (4) रामचंद्र शुक्ल

12. 'हिन्दी भारत वर्ष के एक बहुत विशाल प्रदेश की साहित्य-भाषा है।' – प्रस्तुत मत है :

(1) श्याम सुंदर दास का (2) रामचंद्र शुक्ल का
(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी का (4) रामविलास शर्मा का

13. जन्मकाल की दृष्टि से निम्नलिखित रचनाकारों का सही अनुक्रम है :

(1) कबीर, जायसी, तुलसीदास, केशवदास
(2) कबीर, तुलसीदास, जायसी, केशवदास
(3) कबीर, जायसी, केशवदास, तुलसीदास
(4) कबीर, तुलसीदास, केशवदास, जायसी

14. हिन्दी साहित्य के आदिकालीन साहित्य के नामकरण के बारे में असंगत युग्म है :

(1) जॉर्ज ग्रियर्सन – चारण काल
(2) रामचंद्र शुक्ल – वीरगाथा काल
(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी – आदि काल
(4) राहुल सांकृत्यायन – बीज़ वपन काल

15. निम्नलिखित में से तुलसीदास के विषय में रामचंद्र शुक्ल ने नहीं कहा :

(1) 'गीतावली' की रचना गोस्वामी जी ने सूरदासजी के अनुकरण पर की है।
(2) बाल-लीला के कई एक पद ज्यों के त्यों 'सूरसागर' में भी मिलते हैं।
(3) गोस्वामी जी की रचना संस्कृत गर्भित नहीं है।
(4) तुलसीदास जी रामानंद सम्प्रदाय की वैरागी परंपरा में नहीं जान पड़ते।

Adda247
GET IT ON Google Play

16. चंद बरदाई को 'हिन्दी का प्रथम महाकवि' कहने वाले आलोचक है :

(1) रामचंद्र शुक्ल (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी (3) नामवर सिंह (4) रामविलास शर्मा

17. रामचंद्र शुक्ल ने सूफी कवि 'कुतबन' के बारे में नहीं कहा –

(1) ये चिश्ती वंश के शेख बुरहान के शिष्य थे।

(2) ये जौनपुर के बादशाह हुसैन शाह के आश्रित थे।

(3) इनका समय विक्रम की चौदहवीं शताब्दी का मध्यभाग था।

(4) इन्होंने 'मृगावती' नाम की रचना लिखी।

18. निम्नलिखित में किशोरीलाल गोस्वामी की कहानी है :

(1) गुलबहार (2) ग्यारह वर्ष का समय (3) प्लेग की चुड़ैल (4) पंडित पंडितानी

19. निम्नलिखित रचनाओं में महादेवी वर्मा का कविता-संकलन है :

(1) स्वर्णधूलि (2) गीतगुंज (3) दीपशिखा (4) आंगन के पार द्वार

20. निम्नलिखित में जयशंकर प्रसाद का नाटक नहीं है :

(1) राज्य श्री (2) इरावती (3) अजातशत्रु (4) चंद्रगुप्त मौर्य

21. आलोचना की कृतियों और आलोचकों के युग्मों में असंगत युग्म है :

(1) परंपरा का मूल्यांकन : रामविलास शर्मा (2) साहित्यानुशीलन : शिवदान सिंह चौहान

(3) नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र : मुक्ति बोध (4) अधूरे साक्षात्कार : अशोक वाजपेयी

22. 'शक्ति के विद्युत कण, जो व्यस्त
विकल बिखरे हैं, जो निरूपाय;
समन्वय उसका करे समस्त
विजयिनी मानवता हो जाय।'

प्रस्तुत कविता जयशंकर प्रसाद की किस पुस्तक से हैं ?

(1) आँसू (2) कामायनी (3) झरना (4) लहर

23. हिन्दी साहित्य के इतिहास के भक्तिकाल को 'सूफी युग' और 'भक्त युग' दो भागों में विभाजित करने वाले लेखक हैं :

(1) रामचंद्र शुक्ल (2) रामशंकर शुक्ल 'रसाल'

(3) राहुल सांकृत्यायन (4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

Adda247
GET IT ON Google Play

24. निम्नलिखित आत्मकथाओं और आत्मकथा लेखकों के युग्मों में असंगत युग्म है :
(1) मुर्दहिया – तुलसीराम
(2) जूठन भाग दो – ओमप्रकाश वाल्मीकि
(3) अपनी धरती अपने लोग – रामविलास शर्मा
(4) यादों का चिराग – राजेन्द्र यादव

25. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया है ?
(1) अनुच्छेद 343 (2) अनुच्छेद 344 (3) अनुच्छेद 345 (4) अनुच्छेद 346

26. निम्नलिखित उपन्यासों और उपन्यासकारों के युग्मों में असंगत है :
(1) छिन्नमस्ता – प्रभा खेतना
(2) बात एक औरत की – कृष्णा अग्निहोत्री
(3) अक्षय वट – नासिरा शर्मा
(4) अकेला पलाश – पदमा सचदेव

27. निम्नलिखित समास और सामसिक शब्द-युग्म में असंगत है :
(1) तत्पुरुष समास – ध्यानमग्न
(2) कर्मधारय समास – गजानन
(3) बहुव्रीहि समास – गिरिधर
(4) अव्ययीभाव समास – आजन्म

28. 'निर्गुन कौन देस को वासी' सूरदास की प्रस्तुत काव्य पंक्ति में कौन, किससे निर्गुन के बारे में पूछ रहा है ?
(1) गोपियाँ कृष्ण से (2) कृष्ण गोपियों से (3) गोपियाँ उद्धव से (4) उद्धव गोपियों से

29. निम्नलिखित में 'व्यंजन संधि' वाला का शब्द नहीं है :
(1) परिच्छेद (2) षडानन (3) मनस्ताप (4) उच्चारण

30. 'अन्वेषक' नाटक के रचयिता हैं :
(1) मृणाल पाण्डेय (2) प्रताप सहगल (3) मृदुला गर्ग (4) नागबोडस

31. निम्नलिखित में सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचना है :
(1) क्षणदा (2) अलका (3) उत्तरा (4) शिल्पी

32. रसखान ने अपने सच्चे प्रेम की व्यंजना प्रमुखतः की है :
(1) सोरठा में (2) कवित्त सवैयों में (3) चौपाइयों में (4) दोहो में

33. निम्नलिखित पर्यायवाची शब्द-समूह में असंगत है :
(1) गंगा – भागीरथी, मंदाकिनी, त्रिपथगा, सुरसरिता
(2) चंद्र – शशि, राकेश, निशाकर, सोम
(3) कामदेव – अनंग, मनोभव, मनसिज, मन्मथ
(4) कमल – अरविंद, उत्पल, इंदीवर, वारिद

42202385

Adda247
GET IT ON Google Play

34. 'आँखों देखा पाकिस्तान' यात्रा वृतांत के लेखक हैं :
(1) मुद्राराक्षस (2) कमलेश्वर (3) नासिरा शर्मा (4) बलराज साहनी

35. निम्नलिखित में कंठ से उच्चारित होने वाला वर्ण नहीं है :
(1) क (2) ख (3) ग (4) ढ

36. विलोमार्थी शब्दों की दृष्टि से असंगत युग्म है :
(1) अंतरंग – बहिरंग (2) अल्पज्ञ – बहुज्ञ (3) अनुराग – विराग (4) अस्त – व्यस्त

37. 'परंपरा बंधन नहीं' निबंध-संग्रह के लेखक हैं :
(1) रामविलास शर्मा (2) विद्या निवास मिश्र (3) नामवर सिंह (4) शिवदान सिंह चौहान

38. रीतिकाल को 'शृंगार काल' नाम देने वाले आलोचक हैं :
(1) जार्ज ग्रियर्सन (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (4) रामकुमार वर्मा

39. निम्नलिखित में अविकारी शब्द नहीं है :
(1) परंतु (2) अचानक (3) बहुधा (4) लड़का

40. निम्नलिखित कवियों में भक्ति काल की ज्ञानाश्रयी काव्यधारा का कवि नहीं है :
(1) रैदास (2) धर्मदास (3) सुंदरदास (4) हरिदास

- o O o -

4202029 5

Adda247
GET IT ON Google Play

42120295

# Question Paper / प्रश्न-पत्र

Maximum Marks : 60 | अधिकतम अंक : 60

1. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) 'बसहिं पंख बोलहिं बहु भाखा। करहिं हुलास देखि कै साखा' काव्य पंक्ति के रचयिता हैं :
   (B) 'निर्गुन कौन देस को वासी' पद में किस बात पर बल दिया गया है?
   (C) 'दादुर मोर पपीहा बोले, कोयल सबद सुनावै' – काव्य पंक्ति के रचयिता हैं :
   (D) 'कहे बिनु रह्यो न परत, कहे राम! रस न रहत' – प्रस्तुति काव्य पंक्ति तुलसीदास की किस रचना से है?

2. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति)
   (A) संज्ञा की परिभाषा है :
   (B) 'आपने मुझ पर <u>बहुत</u> बड़ी कृपा की' वाक्य में रेखांकित शब्द है :
   (C) '<u>लंबा</u> आदमी इस घर का मालिक है' वाक्य में रेखांकित शब्द है :
   (D) '<u>सब</u> बालकों ने उसका ध्यान रखा' वाक्य में रेखांकित शब्द है :

3. निम्नलिखित के दो-दो अनेकार्थी शब्द हैं :
   (A) अंबर
   (B) अभिजात
   (C) तीर
   (D) कनक

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम एक वाक्य में लिखिए।
   (A) 'वीसल देव रासो' के रचयिता हैं :
   (B) परमाल रासो के रचयिता हैं –
   (C) रामचंद्र शुक्ल ने पृथ्वीराज रासो को बहुत बड़ा ग्रंथ माना है – क्योंकि :
   (D) क्या 'पृथ्वीराज रासो' हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार एक प्रामाणिक रचना है?

Adda247
GET IT ON Google Play

5. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ बताइए :
(A) 'आप भला तो जग भला'
(B) ऊँट के मुँह में ज़ीरा
(C) दूध का दूध, पानी का पानी
(D) थोथा चना बाजे घना

6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताइए :
(A) घड़ों पानी पड़ जाना
(B) टोपी उछालना
(C) छाती पर मूंग दलना
(D) धरती पर पांव न रखना

7. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
(A) 'कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' में कौनसा अलंकार है?
(B) 'चारुचंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जलथल में' में कौनसा अलंकार है?
(C) 'सुबरन को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर' में कौनसा अलंकार है?
(D) 'चरण कमल बंदौ हरि राई' – में कौनसा अलंकार है?

8. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
(A) यौगिक शब्द किसे कहते हैं?
(B) रूढ़ शब्द किसे कहा जाता है?
(C) व्युत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने प्रकार होते हैं?
(D) विकारी शब्द किसे कहते हैं?

9. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
(A) तत्सम शब्द 'राजा' का तद्भव रूप है :
(B) 'स्वामी' तत्सम शब्द का तद्भव रूप है :
(C) तत्सम शब्द 'सर्व' का तद्भव रूप है :
(D) तत्सम शब्द 'वायु' का तद्भव रूप है :

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम एक पंक्ति में दीजिए।
(A) किस विकारी शब्द को 'सर्वनाम' कहा जाता है?
(B) निश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?
(C) अनिश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?
(D) जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है उसको क्या कहा जाता है?

Adda247
GET IT ON Google Play

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम एक पंक्ति में दीजिए।
   (A) अर्थ की दृष्टि से भाषा की लघुत्तम इकाई है :
   (B) पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं?
   (C) कौन से शब्द विलोमार्थी शब्द कहलाते हैं?
   (D) जिन शब्दों का अर्थ सभी परिस्थितियों में एक-सा रहता है उन्हें कहा जाता है :

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिए।
   (A) ठाढी बडे, खन की बरसै बड़री अँखियानि खड़े-बड़े आँसुनि काव्य पंक्ति में मूर्धन्य ध्वनियों की आवृत्ति कितनी बार हुई है?
   (B) 'जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तलवारि' – प्रस्तुत काव्य पंक्ति के रचयिता हैं :
   (C) देशज शब्द किन शब्दों को कहते हैं?
   (D) 'कहे बिनु रह्यो न परत, कहे राम! रस न रहत' प्रस्तुत काव्य पंक्ति तुलसीदास की किस रचना से है?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक के उत्तर अधिकतम एक पंक्ति में दीजिए।
   (A) भक्ति आंदोलन को एक बाह्यप्रभाव मानने वाले विचारक हैं :
   (B) भक्ति आंदोलन को बाह्य आक्रमण की प्रतिक्रिया मानने वाले आलोचक हैं :
   (C) भक्ति आंदोलन को भारतीय परंपरा का स्वतःस्फूर्त विकास मानने वाले आलोचक हैं :
   (D) किस कालखंड के साहित्य को हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है?

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
   (A) 'कोयल पेड़ पर बैठी है' वाक्य के रेखांकित शब्द में कारक है :
   (B) 'यह राजा का घोड़ा है' वाक्य के रेखांकित शब्द में कौन-सा कारक है :
   (C) 'रमेश खाना खाता है' वाक्य के रेखांकित अंश में कारक है :
   (D) तत्सम शब्द मूलतः किसे कहा जाता है?

15. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) 'वह घर आया और उसने भोजन किया।' वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए :
   (B) 'शीला ने कहा कि मुझे जल्दी भोजन करना है।' वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए :
   (C) 'रमेश आज विद्यालय नहीं गया।' वाक्य को विधानवाचक वाक्य में बदलिए :
   (D) 'शीला ने यह पुस्तक नहीं पढ़ी है।' वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए :

- o 0 o -